राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली। सोमवार • 5 अप्रैल • 2021 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

अब छात्रों के लिए खेलकूद भी ऑनलाइन हो रहा शैक्षणिक संस्थानों में

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

शैक्षिक संस्थानों में शिक्षा का अर्थ केवल किताबी पढ़ाई ही नहीं बल्कि छात्रों का सर्वांगीण विकास भी होता है। दिल्ली में आंशिक रूप से खुले शैक्षिक संस्थानों के लिए छात्रों का सर्वांगीण विकास करना एक चुनौती थी। लेकिन शैक्षिक संस्थाओं ने छात्रों के सर्वांगीण विकास का हिस्सा जिसे को-करिकुलर एक्टिविटी कहा जाता है, इसे भी ऑनलाइन कर दिया है।

घर बैठे स्कूल करवा रहे स्पोर्ट्स एक्टिविटी

किताबी पढ़ाई ही नहीं, को करिकुलर एक्टिविटी भी चल रहा ऑनलाइन

बीते साल से अब तक शैक्षिक संस्थानों द्वारा छात्रों के लिए घर बैठे ऑनलाइन खेलकूद और अन्य गैर शैक्षिक गतिविधियां कर उनके सर्वांगीण विकास किया जा रहा है।विकासपुरी स्थित ममता मॉडल स्कूल की प्रधानाचार्य पल्लवी शर्मा ने यह सच है चुनौतियों से दो-दो हाथ करता पूरा एक साल हो गया है। ऑनलाइन शिक्षा प्रक्रिया के अंतर्गत ममता मॉडर्न विद्यालय ने नई नई तकनीकों को अपनाकर अपनी पूर्व निर्धारित गतिविधियों- भाषा, विज्ञान, कंप्यूटर सप्ताह, कला प्रदर्शनी, मातृ-पितृ दिवस , ग्रैंड पेरेंट्स डे तथा वार्षिकोत्सव के साथ-साथ खेल सप्ताह का ऑनलाइन आयोजन करवा रहे हैं।

इसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक दी गई खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करते हुए वीडियो बनाए और इसके लिए पुरस्कार भी जीते। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रूमा पाठक ने बताया कि कोरोना महामारी के प्रभाव ने हमें घरों में कैद कर एक ऐसे संशय भरे निराशाजनक माहौल का निर्माण किया, जिससे सबसे अधिक प्रभावित हमारे स्कूली छात्र हुए। जहां ऑनलाइन कक्षाएं सभी के लिए एक नया प्रयोग था वहीं नियमित विद्यालय की दिनचर्या में होने वाली गैर शैक्षणिक क्रियाकलापों का अभाव पठन-पाठन प्रक्रिया को बोझिल बनाता जा रहा था। ऐसे में हमने इसको भी ऑनलाइन कर डाला।

स्कूल ने काव्य पाठ, निबंध लेखन, वाद-विवाद ,आशु भाषण, कला प्रतियोगिताएं, क्विज, मॉडल मेकिंग, मोनो एक्टिंग, संगीत, रंगमंच ,योगासन, नृत्य, रोबोटिक्स आदि विविध विषयों पर ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के माध्यम से जहां एक ओर विद्यालय ने शिक्षण व्यवस्था को पुनः रोचक बना कर छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर दिया। पीतमपुरा स्थित एसडी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य अनिता शर्मा ने बताया कि कोविड -19 महामारी में स्कूल ने खेल-कूद के स्थान पर 'योग कक्षाओं' का न केवल सफल संचालन किया बल्कि विद्यालीय स्तर, राज्य-स्तर पर अनेक प्रतियोगिताओं में अनेक मेडल भी जीते 7 बच्चों ने कला-संगीत, अभिनय, ओरिगामी, केलिग्राफी आदि की अनेक कार्यशालाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा अपनी क्रियात्मक रचनात्मक शक्ति का समुचित विकास किया।

घर बै ठे ऑनलाइन स्पोर्ट्स एक्टिविटी में लेते बच्चे। फोटो : एसएनबी